# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2017

# सामान्य अध्ययन

**हल प्रश्न पत्र** **परीक्षा तिथि : 17 फरवरी, 2019**

## (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### सैन्धव सभ्यता

**1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हड़प्पा | 1. एन.जी. मजूमदार (1936-37) |
| B. हस्तिनापुर | 2. जान मार्शल (1913-34) |
| C. तक्षशिला | 3. दया राम साहनी (1923-24 तथा 1924-25) |
| D. कौशाम्बी | 4. बी.बी. लाल (1950-52) |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दी गयी सूचियों का सुमेलन निम्नलिखित है–

| सूची-I (पुरातात्विक स्थल) | सूची-II (खोजकर्ता) |
|---|---|
| हड़प्पा | दयाराम साहनी (1923-24 तथा 1924-25) |
| हस्तिनापुर | बी.बी. लाल (1950-52) |
| तक्षशिला | जॉन मार्शल (1913-14) |
| कौशाम्बी | एन.जी. मजूमदार (1936-37) |

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल, संगम काल

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) अंग-चम्पा (b) कोशल-अहिच्छत्र
(c) वत्स-कौशाम्बी (d) मत्स्य-विराटनगर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** कोशल, जो वर्तमान में अयोध्या (फैजाबाद) जिले के रूप में विद्यमान है, की राजधानी श्रावस्ती थी। अहिच्छत्र पांचाल प्रदेश की राजधानी थी।

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**3. महावीर स्वामी को किस नदी के तट पर ज्ञानोदय प्राप्त हुआ था?**

(a) स्वर्णसिक्ता (b) पलाशिनी
(c) गंगा (d) ऋजुपालिका

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** महावीर स्वामी का जन्म वैशाली के कुण्डग्राम के ज्ञातृक कुल के तथा वज्जि संघ के प्रधान सिद्धार्थ के घर में हुआ था। इनकी माता त्रिशला (लिच्छवी गणराज्य की राजकुमारी) थीं, जो चेटक की बहन थीं तथा इनकी पत्नी यशोदा थीं। 30 वर्ष की आयु में महावीर ने गृह त्याग दिया था। 12 वर्ष तक कठोर तपस्या एवं साधना के बाद 42 वर्ष की आयु में महावीर को जृम्भिग्राम के निकट ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे कैवल्य (सर्वोच्च ज्ञान) की प्राप्ति हुई और वह 'केवलिन' कहलाये।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. डिमेट्रियस | 1. पहलव |
| B. रूद्रदामन | 2. कुषाण |
| C. गोण्डोफर्नीज | 3. हिन्द-यूनानी |
| D. विम | 4. शक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** सही सुमेलन है-

| सूची I (शासक) | | सूची II (वंश) |
|---|---|---|
| डिमेट्रियस | - | हिन्द-यूनानी |
| रूद्रदामन | - | शक |
| गोण्डोफर्नीज | - | पह्लव |
| विम | - | कुषाण |

**5. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसमें एक को अभिकथन (A) व दूसरे को कारण (R) कहा गया है-**

**कथन (A) : सातवाहन काल में संस्कृत के साथ प्राकृत व अन्य लोक भाषाओं का विकास हुआ।**

**कारण (R) : सातवाहन राजाओं ने साहित्य-रचना के लिये संस्कृत तथा अन्य लोक भाषाओं को अपनाया।**

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है किन्तु (R) सही है।

**उत्तर-(a)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या- प्रश्न में दिये गये दोनों कथन सही हैं और कथन (a) का सही स्पष्टीकरण कारण (R) है। सातवाहन युग में दक्षिणी भारत में प्राकृत व संस्कृत दोनों ही भाषाओं का समान रूप से विकास हुआ। सातवाहन राजाओं ने संस्कृत के साथ अन्य लोक भाषाओं जैसे पैशाची प्राकृत इत्यादि को भी साहित्य रचना के लिए अपनाया। सातवाहनों की राजभाषा प्राकृत ही थी।

## गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल

**6. गुप्त स्वर्ण मुद्रा को कहा जाता था-**

(a) कार्षापण (b) दीनार
(c) निष्क (d) सुवर्ण

**उत्तर-(b)**

व्याख्या- गुप्त शासकों का युग सिक्कों के इतिहास में स्वर्ण युग कहलाता है। इस युग में बड़ी संख्या में सोने के सिक्कों का प्रचलन हुआ। इसके साथ ही इस युग के सिक्के कलात्मक सौन्दर्य और विविधता की दृष्टि से भी बेजोड़ कहे जाते हैं। गुप्त शासकों की स्वर्ण मुद्रा को दीनार तथा चाँदी के सिक्के रूपक कहलाते थे। चाँदी के सिक्के जारी करने वाला प्रथम गुप्त शासक चन्द्रगुप्त द्वितीय 'विक्रमादित्य' था।

# मध्यकालीन इतिहास

## दिल्ली सल्तनत

**7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (युद्ध) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| A. चन्दवाड़ का युद्ध | 1. 1398 |
| B. तैमूर का आक्रमण | 2. 1194 |
| C. तालीकोटा का युद्ध | 3. 1529 |
| D. घाघरा का युद्ध | 4. 1565 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**उत्तर-(d)**

व्याख्या- चन्दावर (चन्दवाड़) का युद्ध 1194 ई. में कन्नौज नरेश जयचन्द तथा मुहम्मद गोरी के मध्य हुआ। 1398 में तैमूर ने उत्तर भारत पर आक्रमण किया, तब तुगलक साम्राज्य पतनोन्मुख था और नासिरूद्दीन मुहम्मद शाह तुगलक शासक के रूप में सत्ता के केन्द्र में था। तालीकोटा का युद्ध 1565 में दक्षिण के सुल्तानों के संघ तथा विजयनगर साम्राज्य के मध्य हुआ था। घाघरा का युद्ध 1529 में घाघरा नदी के तट पर बाबर तथा अफगानों के मध्य हुआ था।

## भक्ति आन्दोलन

**8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. वल्लभाचार्य | 1. द्वैतवाद |
| B. रामानुज | 2. पुष्टिमार्ग |
| C. मध्वाचार्य | 3. विशिष्टाद्वैत |
| D. शंकर | 4. अद्वैतवाद |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर-(c)**

व्याख्या- सही सुमेल निम्नलिखित है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| वल्लभाचार्य | पुष्टिमार्ग |
| रामानुज | विशिष्टाद्वैत |
| मध्वाचार्य | द्वैतवाद |
| शंकर | अद्वैतवाद |

## मुगल साम्राज्य

**9. 'बाबरनामा' का अंग्रेजी में अनुवाद किसने किया?**

(a) लेडेन और रस्किन (b) विलियम हाकिन्स
(c) फिंच (d) विलियम जोन्स

**उत्तर-(a)**

व्याख्या- 'बाबरनामा' मुगल बादशाह बाबर की आत्मकथा (तुर्की भाषा) है। 'बाबरनामा' नाम से जानी जाने वाली पुस्तक का मूल शीर्षक 'तुजुक-ए-बाबरी' है। पहली बार लेडेन और रस्किन ने बाबरनामा का अंग्रेजी अनुवाद किया।

**10. निम्नलिखित में से कौन मुगलकाल में 'राजा बनानें वाले' थे?**

(a) हुसैन अली और अब्दुल्ला
(b) नासिर खान और जकारिया खान
(c) शाह हुसैन और अब्दुल हुसैन
(d) मुहम्मद जमीं और मुहम्मद जुनैदी

**उत्तर-(a)**

व्याख्या- सैय्यद बंधु (हुसैन अली और उसका भाई अब्दुल्ला) भारतीय इतिहास में राजा बनाने वाले के नाम से प्रसिद्ध थे। पतनोन्मुख मुगल सम्राज्य में इन दोनों भाईयों की अहम भूमिका थी। सैय्यद बंधुओं ने चार मुगल बादशाहों (फर्रूखसियर, रफीउद्राजात रफीउद्दौलत और मुहम्मद शाह) को सत्तारूढ़ होने में सहायता प्रदान किया। मुहम्मद शाह के शासनकाल में इनका पतन हो गया।

**11. दाराशिकोह को किस स्थान पर दफनाया गया था?**

(a) दिल्ली (b) आगरा
(c) औरंगाबाद (d) लाहौर

**उत्तर-(a)**

व्याख्या- दाराशिकोह की नृशंस हत्या (1659) के बाद औरंगजेब के आदेश पर उसके शव को हुमायूँ के मकबरे के पास दिल्ली में दफनाया गया। दाराशिकोह मुगल सम्राट शाहजहाँ का ज्येष्ठ तथा प्रिय पुत्र था।

**12. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए और उन्हें काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

I. दौराह का युद्ध
II. कन्नौज का युद्ध
III. सामूगढ़ का युद्ध
IV. चौसा का युद्ध



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये-

कूट :

(a) II, III, I, IV (b) I, IV, II, III
(c) I, II, IV, III (d) II, I, IV, III

उत्तर-(b)

व्याख्या- प्रश्नगत घटनाक्रमों का कालक्रमानुसार व्यवस्था निम्नलिखित है–

I. दौराह (दोहरिया) का युद्ध 1532 में हुमायूँ और अफगानों के बीच हुआ जिसमें अफगान सेनाओं की हार हुई।

IV. चौसा का युद्ध जून, 1539 में हुमायूँ और शेरशाह सूरी के मध्य हुआ जिसमें शेरशाह सूरी ने हुमायूँ को परास्त किया।

II. कन्नौज का युद्ध मई, 1540 में हुमायूँ और शेरशाह सूरी के मध्य हुआ जिसमें शेरशाह सूरी ने हुमायूँ को बुरी तरह हराया।

III. सामूगढ़ का युद्ध 1658 में शाहजहाँ के पुत्रों के बीच उत्तराधिकार का युद्ध था जिसमें औरंगजेब ने निर्णायक विजय प्राप्त की।

**13. निम्न में से कौन जिन्दापीर के नाम से जाना जाता था?**

(a) बहादुरशाह प्रथम (b) शाह आलम II
(c) औरंगजेब (d) आदिल शाह

उत्तर-(c)

व्याख्या- मुगल शासक औरंगजेब को उसके सुधारवादी धार्मिक प्रयासों और तार्किक धर्मपालन के आधार पर इतिहासकारों द्वारा 'जिन्दा पीर' की संज्ञा से विभूषित किया गया।

# आधुनिक इतिहास

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

**14. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए और उन्हें कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

I. क्रिप्स मिशन
II. अगस्त प्रस्ताव
III. नेहरू रिपोर्ट
IV. वैवेल योजना

**नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये-**

कूट :

(a) III, I, II, IV (b) III, II, I, IV
(c) II, I, III, IV (d) I, III, II, IV

उत्तर-(b)

व्याख्या- विकल्प में दी गई घटनाओं का कालक्रम निम्न है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| नेहरू रिपोर्ट | 1928 |
| अगस्त प्रस्ताव | 8 अगस्त, 1940 |
| क्रिप्स मिशन | मार्च, 1942 |
| वैवेल योजना | 14 जून, 1945 |

**15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (राजनीतिक दल) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 1. 1951 |
| B. भारतीय जनसंघ | 2. 1972 |
| C. भारतीय साम्यवादी दल | 3. 1885 |
| D. ए.आई.ए.डी.एम.के. | 4. 1925 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

उत्तर-(a)

व्याख्या- सही सुमेल निम्नलिखित है–

| सूची-I (राजनीतिक दल) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 1885 |
| भारतीय जनसंघ | 1951 |
| भारतीय साम्यवादी दल | 1925 |
| ए.आई.ए.डी.एम.के. | 1972 |

**16. किस अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश संसद ने चाय और चीन के साथ व्यापार को छोड़कर ईस्ट इंडिया कंपनी के भारत के साथ व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया था?**

(a) 1813 का चार्टर अधिनियम
(b) 1833 का चार्टर अधिनियम
(c) 1853 का चार्टर अधिनियम
(d) 1873 का चार्टर अधिनियम

उत्तर-(a)

व्याख्या- 1813 के चार्टर अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश संसद ने चाय और चीन के साथ व्यापार को छोड़कर ईस्ट इण्डिया कम्पनी के भारत के साथ व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया। कुछ सीमाओं के अधीन सभी ब्रिटिश नागरिकों के लिए भारत के साथ व्यापार खोल दिया गया। 1833 के चार्टर अधिनियम के द्वारा कंपनी के सभी व्यापारिक कार्यों को समाप्त कर दिया गया।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**17. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक का शीर्षक) |
|---|---|
| A. वी.डी. सावरकर | 1. द ग्रेट रिबेलियन |
| B. आर.सी. मजूमदार | 2. द इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस |
| C. एस. बी. चौधरी | 3. द सिपॉय म्यूटिनी एण्ड द रिवोल्ट ऑफ 1857 |
| D. अशोक मेहता | 4. सिविल रिबेलियन इन द इंडियन म्यूटिनीज (1857-59) |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

उत्तर-(a)

व्याख्या- सही सुमेल निम्नलिखित है–

| सूची-I (लेखक) | सूची-II (पुस्तक का शीर्षक) |
|---|---|
| वी.डी. सावरकर | द इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस |
| आर.सी. मजूमदार | द सिपॉय म्यूटिनी एण्ड द रिवोल्ट ऑफ 1857 |
| एस. बी. चौधरी | सिविल रिबेलियन इन द इंडियन म्यूटिनीज (1857-59) |
| अशोक मेहता | द ग्रेट रिबेलियन |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) लाहौर प्रस्ताव - फज्ल-उल-हक
(b) पीरपुर रिपोर्ट - राजा मोहम्मद मेंहदी
(c) जनता की योजना - विनोबा भावे
(d) गाँधियन प्लान - एस.एन. अग्रवाल

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** पीपुल्स प्लॉन अर्थात जनता की योजना का प्रारूप 1945 ई. में प्रमुख विचारक मानवेन्द्र नाथ रॉय ने प्रस्तुत किया था जबकि विनोबा भावे सत्याग्रह तथा भूदान आन्दोलन से सम्बन्धित हैं। लाहौर प्रस्ताव 1940 ई. में फज्ल-उल-हक द्वारा, पीरपुर रिपोर्ट 1938 में राजा सईद मुहम्मद मेंहदी द्वारा तथा गाँधियन प्लॉन 1944 में श्रीमन नारायण अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

**19. कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन (A) : ब्रिटिश सरकार ने अगस्त 1932 में सांप्रदायिक पुरस्कार की घोषणा की।**

**कारण (R) : इसके तहत प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय के लिये विधानमण्डलों में कुछ सीटें सुरक्षित की गईं थी जिसके लिये सदस्यों का चुनाव पृथक् निर्वाचन मण्डलों से होता था।**

**नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है किन्तु (R) सही है।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनाल्ड ने 16 अगस्त, 1932 को 'साम्प्रदायिक पुरस्कार' की घोषणा किया जो अंग्रेजों की विघटनकारी नीति का एक और प्रमाण था। इसके तहत प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विधानमण्डलों में कुछ सीटें सुरक्षित की गयी थी जिसके लिए सदस्यों का चुनाव पृथक निर्वाचन मंडलों से होता था। इसके तहत दलित वर्ग को अल्पसंख्यक मानकर हिन्दुओं से अलग कर दिया गया। इस पृथक प्रतिनिधित्व के नियम का कांग्रेस द्वारा पुरजोर विरोध किया गया और सितम्बर, 1932 में 'पूना पैक्ट' के नाम एक नया समझौता भारतीय परिदृश्य में अस्तित्व प्राप्त कर सका। अतः कथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**20. निम्नलिखित में से किस नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सर्वाधिक है?**

(a) महानन्दा (b) सोन
(c) रामगंगा (d) गंडक

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विकल्प में दी गई नदियों में सोन नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सर्वाधिक है। सोन नदी अमरकंटक पहाड़ी से निकलकर पूर्व की ओर मध्य प्रदेश में बहने के बाद उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में बहती हुई बिहार में प्रवेश कर जाती है और पटना के निकट गंगा में मिल जाती है। बनास, गोपद, रिहन्द, कुन्हड़ आदि इसकी सहायक नदियाँ हैं।

| नदी | जल ग्रहण क्षेत्र |
|---|---|
| 1. सोन | 70,055 वर्ग किमी. |
| 2. गंडक | 45,731 वर्ग किमी. |
| 3. रामगंगा | 30,811 वर्ग किमी. |
| 4. महानंदा | 207.285 वर्ग किमी. |

**21. मलम्पुझा बाँध किस नदी पर अवस्थित है?**

(a) भरतपुझा (b) कोरापुझा
(c) मलम्पुझा (d) पम्बा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** मलम्पुझा बाँध दक्षिण भारत में केरल में पलक्कड़ में मलम्पुझा नदी पर है जो केरल की दूसरी सबसे बड़ी नदी भरतपुझा की सहायक नदी है।

**22. चेरूथानी बाँध किस नदी पर अवस्थित है?**

(a) पेरियार (b) पम्पार
(c) भवानी (d) काबिनी

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** केरल के इडुक्की जिले में स्थित चेरूथानी बाँध एक प्रसिद्ध बाँध है। यह बाँध चेरूनथनी नदी पर बनाया गया है जो पेरियार नदी की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है। इस बाँध से जल विद्युत शक्ति बनाई जाती है, जिससे आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति होती है।

**23. पश्चिमी घाट के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. यह एक भ्रंशोत्थ पर्वत है।
2. इसका पूर्वी ढाल क्रमश: नीचा होता हुआ पठार है।
3. इसका उत्तरी खण्ड लावा (बेसाल्ट) से आच्छादित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
(c) 1 तथा 3 (d) 1, 2 तथा 3

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** पश्चिमी घाट भ्रंशोत्थ (ब्लॉक) पर्वत है, जिसका निर्माण स्थल के एक खण्ड के अरब सागर में अपसंवलन के कारण हुआ है। इसका पश्चिमी ढ़ाल तीव्र एवं खड़ा जबकि पूर्वी ढ़ाल मंद एवं सीढ़ीनुमा है। पश्चिमी घाट का फैलाव पश्चिमी सागर तट के समानान्तर लगभग 1600 किमी0 की लंबाई में उत्तर में तापी के मुहाने से दक्षिण में कुमारी अंतरीप तक फैला हुआ है। पश्चिमी घाट को 'सह्याद्री' भी कहा जाता है। उत्तरी सह्याद्री की ऊपरी सतह पर बेसाल्ट लावा का निक्षेप मिलता है। वास्तव में यह पर्वतश्रेणी न होकर प्रायद्वीपीय पठार का ही एक भ्रंश कगार है। दक्षिणी सह्याद्री का निर्माण मुख्यतः आर्कियन युग की ग्रेनाइट और नीस चट्टानों से हुआ है।

**24. चित्रकोट जलप्रपात स्थित है-**

(a) चित्रकूट में (b) बस्तर में
(c) जबलपुर में (d) बाँदा में

**उत्तर-(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-** चित्रकोट जलप्रपात (झरना) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में इन्द्रावती नदी पर अवस्थित है। यह जगदलपुर के पश्चिम में स्थित प्राकृतिक जलप्रपात है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| | सूची-I (फसल/पौधारोपण) | सूची-II (सर्वाधिक उत्पादक राज्य) |
|---|---|---|
| (a) | जूट | पश्चिम बंगाल |
| (b) | चाय | असम |
| (c) | गन्ना | उत्तर प्रदेश |
| (d) | रबड़ | हिमाचल प्रदेश |

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** रबड़ के वृक्ष हिमालय प्रदेश में नहीं अपितु भूमध्य रेखीय वनों में पाए जाते हैं तथा इन वृक्षों के दूध, जिसे लेटेक्स कहते हैं जिससे रबड़ तैयार किया जाता है। भारत में केरल राज्य में रबर का सबसे अधिक उत्पादन होता है।

**26. निम्नलिखित में से किस फसल की रोपाई की जाती है?**

(a) सरसों (b) धान
(c) गेहूँ (d) मक्का

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विकल्प में दी गई फसलों में सरसों, गेहूँ, मक्का बुआई की फसलें हैं जबकि धान की फसल की रोपाई की जाती है। उल्लेखनीय है कि धान (ओराय्जा सैटिवा) एक प्रमुख फसल है जिससे चावल निकाला जाता है। यह भारत सहित एशिया एवं विश्व के बहुत से देशों का मुख्य भोजन है। विश्व में मक्का के बाद धान ही सबसे अधिक पैदा होने वाली फसल है।

**27. सिंगरौली लघु जल विद्युत परियोजना अवस्थित है-**

(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) छत्तीसगढ़ (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** सिंगरौली लघु जल विद्युत परियोजना उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित है।

**28. निम्नलिखित में से किस राज्य में काली मिर्च और इलायची का उत्पादन होता है?**

(a) असम (b) जम्मू और कश्मीर
(c) हिमाचल प्रदेश (d) केरल

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारत में इलायची उत्पादक अग्रणी राज्य-
केरल
सिक्किम
अरुणाचल प्रदेश
नागालैण्ड
भारत में काली मिर्च अग्रणी राज्य-
कर्नाटक
केरल
असम
तमिलनाडु
अतः उपरोक्त विकल्प के अनुसार (d) सही उत्तर है।

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**29. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) सोना-कोलार (b) कोयला-झरिया
(c) लौह-अयस्क-गुन्टूर (d) हीरा-पन्ना

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** सोना-कोलार में, कोयला-झरिया में तथा हीरा–पन्ना में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है। जबकि भारत में लौह अयस्क के उत्पादन में अग्रणी ओड़िशा राज्य का बोनोई, क्योंझर, मयूरभंज है। उल्लेखनीय है कि गुंटुर, आन्ध्र प्रदेश का एक जिला है।

**30. निम्नलिखित में से कहाँ लिग्नाइट के प्रमुख भंडार नहीं हैं?**

(a) गुजरात (b) पश्चिम बंगाल
(c) झारखण्ड (d) पुडुचेरी

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** 'जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया' की रिपोर्ट 'इण्डियन कोल एंड लिग्नाइट रिर्सोसेस-2018' के अनुसार भारत में लिग्नाइट के प्रमुख भण्डारक क्षेत्र तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, पुडुचेरी, जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल हैं। इस सूची में झारखण्ड सम्मिलित नहीं है।

**31. कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन (a) : चीनी उद्योग दक्षिण भारत में अधिक विकसित है।**

**कारण (R) : गन्ने की प्रति हेक्टेयर पैदावार तथा गन्ने में रस की मात्रा दक्षिणी राज्यों में अधिक होती है।**

**कूट :**

(a) (a) तथा (R) दोनों सही हैं, और (a) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (a) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (a) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (a) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (a) गलत है, किन्तु (R) सही है।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दक्षिण भारत की जलवायु उष्ण कटिबंधीय है तथा गन्ना भी उष्ण कटिबंधीय फसल है। आदर्श जलवायु उपस्थित होने के कारण दक्षिण भारत में उगाया जाने वाला गन्ना अधिक रसीला एवं अधिक शर्करा वाला होता है। समुद्र तटीय जलवायु के प्रभाव, काली मृदा का क्षेत्र, नमी संरक्षण की क्षमता व ट्यूबबेल सिंचाई का विकास होने के कारण दक्षिण भारत का गन्ना मोटा एवं अधिक रस वाला है फलस्वरूप प्रति हेक्टेयर उत्पादन भी अधिक होता है। इसी कारण चीनी उद्योग दक्षिण भारत में अधिक विकसित है। गन्ना उत्पादन में भारत का विश्व में द्वितीय स्थान है। यहाँ विश्व का लगभग 40% गन्ना पैदा किया जाता है। उष्णकटिबंधीय तथा उपोष्णकटिबंधीय फसल होने के कारण इसके लिए $20^0$C से $27^0$C का औसत वार्षिक तापमान तथा 100 से 200 सेमी. की औसत वार्षिक वर्षा उपयुक्त होती है। गन्ने की फसल तैयार होते समय वर्षा का अभाव काफी लाभदायक होता है क्योंकि इससे शर्करा की मात्रा में वृद्धि हो जाती है।
भारत में शीर्ष गन्ना उत्पादक राज्य-
उत्तर प्रदेश
महाराष्ट्र
कर्नाटक



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**32. सूची-I (प्रकृति में प्राप्त पदार्थों) को सूची-II (तत्वों) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हीरा | 1. कैल्शियम |
| B. संगमरमर | 2. सिलिकॉन |
| C. रेत | 3. एल्युमीनियम ऑक्साइड |
| D. माणिक्य (रुबी) | 4. कार्बन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** सूची-I व II का सुमेलन निम्नलिखित है–

| सूची-I (प्रकृति में प्राप्त पदार्थ) | सूची-II (तत्व) |
|---|---|
| हीरा | कार्बन |
| संगमरमर | कैल्शियम |
| रेत | सिलिकॉन |
| माणिक्य (रूबी) | एल्युमिनियम ऑक्साइड |

# विश्व का भूगोल

## स्थल मण्डल

**33. लोमबोक जलडमरूमध्य किन दो द्वीपों के मध्य स्थित है?**
(a) बाली एवं लोमबोक (b) लोमबोक एवं सम्बावा
(c) सम्बावा एवं जावा (d) जावा एवं बाली
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** पानी के ऐसे संकरे रास्ते को जो दो बड़े जल के समूहों को जोड़ता हो, जलसंधि या जलडमरूमध्य कहते हैं। लोमबोक जलडमरूमध्य जावा सागर को हिन्द महासागर से जोड़ता है तथा यह इंडोनेशिया में बाली और लोमबोक द्वीपों के बीच स्थित है।

## जल मण्डल

**34. निम्नलिखित में से कौन गर्म धारा है?**
(a) फोकलैण्ड धारा (b) ब्राजील धारा
(c) लैब्रोडोर धारा (d) कनारी धारा
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** ब्राजील धारा गर्म जलधारा है जो अटलांटिक महासागर में ब्राजील तट पर प्रवाहित होती है। फाकलैंड धारा, लैब्रोडोर धारा और कनारी धारा ठण्डी जलधाराएँ हैं।

## आर्थिक भूगोल

**35. सूची-I को सूची-II से मिलान करिए तथा सूची के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (देश) | सूची-II (प्रमुख प्राथमिक निर्यात) |
|---|---|
| A. चाड | 1. कपास |
| B. नाइजर | 2. यूरेनियम |
| C. रवांडा | 3. पेट्रोलियम |
| D. बेनिन | 4. कहवा/कॉफी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**सही सुमेल निम्नलिखित है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| चाड | पेट्रोलियम |
| नाइजर | यूरेनियम |
| रवांडा | कहवा/कॉफी |
| बेनिन | कपास |

**36. पश्चिमी एशिया में सर्वाधिक तेल उत्पादक देश है-**
(a) इराक (b) ईरान
(c) सऊदी अरब (d) लेबनान
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**पश्चिमी एशिया में सर्वाधिक तेल उत्पादक देश सऊदी अरब है। यह मध्य पूर्व में स्थित एक सुन्नी मुस्लिम देश है। 2018-19 में शीर्ष तेल उत्पादक देश है–यू.एस.ए., सउदी अरब, रूस, ईरान।

**37. विश्व का सर्वाधिक काफी उत्पादक देश है-**
(a) बोलीविया (b) ब्राजील
(c) चीन (d) भारत
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** कॉफी वृक्ष एक उष्णकटिबंधीय सदाबहार झाड़ी है। विश्व के सर्वाधिक कॉफी उत्पादक देश–
ब्राजील > वियतनाम > कोलंबिया > इंडोनेशिया

**38. निम्नलिखित में से कौन रूस के प्रमुख संसाधनों में से नहीं है?**
(a) कोयला (b) लौह- अयस्क
(c) हीरा (d) यूरेनियम
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** रूस में प्राकृतिक संसाधनों– खनिज तेल, कोयला, लौह अयस्क, स्वर्ण, रजत, निकल, कॉपर, टिन, क्रोमियम, गैस इत्यादि के प्रचुर भण्डार पाये जाते हैं किन्तु यूरेनियम की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। अतः विकल्प (d) उचित उत्तर है।

**39. उत्तरी अमेरिका का सुपीरियर झील का क्षेत्र प्रसिद्ध है-**
(a) लौह-अयस्क भण्डार (b) कोयला भण्डार
(c) सोना भण्डार (d) यूरेनियम भण्डार
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा की सीमा पर स्थित सुपीरियर झील का क्षेत्र प्रमुख लौह अयस्क क्षेत्र के रूप में विख्यात है। यहाँ मेसाबी तथा बर्मिलन प्रमुख लौह खदानें हैं।

## मानव भूगोल एवं मानचित्रावली

**40. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?**
(a) बैकाल - रशियन फेडरेशन
(b) मलावी - एशिया
(c) कैस्पियन सागर - एशिया - यूरोप
(d) तंगानिका - अफ्रीका
**उत्तर-(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| बैकाल | रशियन फेडरेशन |
| मलावी | अफ्रीका |
| कैस्पियन सागर | एशिया/यूरोप |
| तंगानिका | अफ्रीका |

# जनसंख्या एवं नगरीकरण

**41. 2011 की जनगणना के अनुसार किस केन्द्र शासित प्रदेश का जनसंख्या घनत्व न्यूनतम है?**
(a) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(b) लक्षद्वीप
(c) दमन और दीव
(d) दादरा और नगर हवेली
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार विकल्प में दिए गए केन्द्र शासित प्रदेशों का जनसंख्या घनत्व निम्न हैं–

| केन्द्रशासित प्रदेश | जनसंख्या घनत्व (व्यक्ति/वर्ग किमी.) |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह– | 46 |
| लक्षद्वीप– | 2149 |
| दमन और दीव– | 2191 |
| दादरा और नगर हवेली– | 700 |

अतः स्पष्ट है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह केन्द्र शासित प्रदेश का जनसंख्या घनत्व न्यूनतम है। उल्लेखनीय है कि भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति वर्ग किमी. है।

**42. निम्नलिखित में से किस देश में जनसंख्या का घनत्व सबसे कम है?**
(a) मंगोलिया (b) सऊदी अरब
(c) इराक (d) अफगानिस्तान
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** मंगोलिया सर्वाधिक कम जनघनत्व में प्रथम स्थान पर है। यहाँ जनघनत्व 2 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है। सऊदी अरब के लिए जनघनत्व का आँकड़ा 16 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी., अफगानिस्तान के लिए 49 व्यक्ति प्रति किमी. और इराक के लिए 49 व्यक्ति प्रति किमी. है।

**43. वर्तमान वृद्धि दर के अनुसार भारत की शहरी आबादी वर्ष 2030 तक पहुँचने का अनुमान है-**
(a) 575 मिलियन (b) 675 मिलियन
(c) 750 मिलियन (d) 900 मिलियन
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्टस : रिवीजन, 2017 के अनुसार भारत की जनसंख्या 2030 तक 1.5 बिलियन अर्थात् 1500 मिलियन पहुँचने का अनुमान है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की शहरी जनसंख्या 31.2% है। अद्यतन ऑकड़ों के अनुसार भारत की शहरी जनसंख्याा 2030 तक लगभग 575 मिलियन हो जाएगी।

**44. 2011 की जनगणना के अनुसार किस केन्द्र शासित प्रदेश की साक्षरता दर न्यूनतम है?**
(a) चण्डीगढ़ (b) दादरा और नगर हवेली
(c) दमन और दीव (d) लक्षद्वीप
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** 2011 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम साक्षरता दर वाला केन्द्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली (76.2%) है। पुडुचेरी (85.8), चण्डीगढ़ (86%), दिल्ली (86.2%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (86.6%), दमन एवं दीव (87.1%), लक्षद्वीप (91.8%)।

**45. 2011 की जनगणना के अनुसार किस केन्द्र शासित प्रदेश का लिंग अनुपात न्यूनतम है?**
(a) चण्डीगढ़ (b) दादरा और नगर हवेली
(c) दमन और दीव (d) लक्षद्वीप
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** 2011 की जनगणना के अनुसार दमन और दीव (618) वह केन्द्र शासित प्रदेश है जिसका लिंग अनुपात न्यूनतम है।

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## केन्द्र-राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

**46. भारतीय संविधान का भाग-16 सम्बन्धित है-**
(a) प्राशासनिक अधिकरण से
(b) अखिल भारतीय सेवाओं से
(c) वित्त आयोग से
(d) कुछ वर्गों के लिए विशेष उपबन्धों से
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान 22 भागों में विभाजित है तथा इसमें 395 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियाँ हैं। इनका प्रमुख विवरण निम्नलिखित है–
वित्त, संपत्ति, संविदाएँ और वाद – भाग XII
संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ – भाग XIV
प्रशासनिक अधिकरण – भाग XIVA
कुछ वर्गों के लिए विशेष उपबंध – भाग XVI

## विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

**47. धन विधेयक के अतिरिक्त एक विधेयक जो विधानसभा ने प्रथम बार पारित कर दिया हो, विधान परिषद में कितने माह तक पड़ा रह सकता है?**
(a) एक माह से अधिक तक नहीं
(b) दो माह से अधिक तक नहीं
(c) तीन माह से अधिक तक नहीं
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** अनु. 197(1)(ख) के प्रावधानों के अनुसार, धन विधेयक के अतिरिक्त एक विधेयक जिसे विधानसभा ने प्रथम बार पारित कर दिया हो विधान परिषद के समक्ष, विधेयक रखे जाने की तारीख से तीन माह से अधिक तक रोका नहीं जा सकता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## निर्वाचन आयोग, राजभाषा

**48. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद लोकसभा एवं विधानसभा के प्रतिनिधियों को निर्वाचित करने अर्थात् वयस्क मताधिकार का अधिकार प्रदान करता है?**

(a) अनुच्छेद-326 (b) अनुच्छेद-325
(c) अनुच्छेद-324 (d) अनुच्छेद-323

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान के भाग 15 के अंतर्गत अनुच्छेद-326 लोकसभा तथा विधानसभा के प्रतिनिधियों को निर्वाचित करने अर्थात् वयस्क मताधिकार का अधिकार प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि 61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1989 द्वारा संविधान के अनुच्छेद 326 को संशोधित करके मताधिकार की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई। विकल्प में दिये गये अन्य अनुच्छेदों का विवरण निम्न है–

अनुच्छेद 323 – लोक सेवा आयोगों के प्रतिवेदन।

अनुच्छेद 324 – निर्वाचनों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग में निहित होना।

अनुच्छेद 325 – धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति का निर्वाचक-नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए अपात्र न होना और उसके द्वारा किसी विशेष निर्वाचक-नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा न किया जाना।

## पंचायती राजव्यवस्था व संविधान संशोधन अनुसूची

**49. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (समितियाँ) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| A. पी.के. थुंगन | 1. 1957 |
| B. अशोक मेहता | 2. 1986 |
| C. बी.आर. मेहता | 3. 1977 |
| D. एल. एम. सिंघवी | 4. 1988 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**

| सूची-I (समितियाँ) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| पी.के. थुंगन | - 1988 |
| अशोक मेहता | - 1977 |
| बी.आर. मेहता | - 1957 |
| एल.एम. सिंघवी | - 1986 |

उल्लेखनीय है कि बी.आर. मेहता को 'पंचायती राज' व्यवस्था का जनक कहा जाता है।

**50. ग्रामीण स्थानीय शासन का 'पंचायती राज' नामांकन किस भारतीय नेता के सुझाव का परिणाम था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) सरदार पटेल (d) एम. के. गांधी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** महात्मा गाँधी जी का सपना था ग्राम स्वराज को सशक्त, स्वस्थ और विकासशील बनाना। ग्राम स्वराज का तात्पर्य है कि गाँव के लोगों की ऐसी सरकार, जो हर साधन-संसाधन गाँव में उपलब्ध करा सके, साथ ही विकास का काम भी इसी सरकार के माध्यम से हो सके। इन्हीं के सपनों को साकार करने के लिए 73वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम 24 अप्रैल, 1993 से लागू किया गया। इस संशोधन द्वारा संविधान में एक नया भाग-9 जोड़ा गया जिसका शीर्षक 'पंचायत' है। इसके द्वारा अनुच्छेद 243 में पंचायतों से संबंधित अनेक प्रावधान किए गए हैं।

# अर्थव्यवस्था

## विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

**51. लाभ-मात्रा अनुपात में सुधार निम्नलिखित के द्वारा किया जा सकता है-**

(a) बिक्री कीमत में वृद्धि
(b) बिक्री मिश्रण को बदलना
(c) परिवर्तनशील लागत को कम करना
(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** लाभ मात्रा अनुपात (Profit Volume Ratio) यह बिक्री की मात्रा में परिवर्तन के कारण लाभ में परिवर्तन की दर को मापता है। यह लाभप्रदाता की गणना के लिए महत्वपूर्ण अनुपातों में से एक है क्योंकि यह बिक्री के संबंध में अर्जित योगदान को इंगित करता है।

लाभ मात्रा में सुधार के लिए परिवर्तनशील अनुपात में कमी करना, बिक्री कीमतों को बढ़ाकर उत्पादों को बेचना तथा साथ ही साथ बिक्री मिश्रणों को अपने लाभानुसार परिवर्तित करना इसके अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है।

इसे निम्नांकित सूत्र से दर्शाया जा सकता है–

$$\text{पी./वी अनुपात} = \frac{\text{योगदान (Contribution)} \times 100}{\text{बिक्री (Sales)}}$$

योगदान = बिक्री कीमत एवं परिवर्तनशील लागत के बीच अन्तर

## गरीबी एवं बेरोजगारी

**52. निम्नलिखित में से किसको गरीबी का सामाजिक सूचक नहीं समझा जाता है?**

(a) परिवहन के साधनों की कम संख्या
(b) निरक्षरता स्तर
(c) स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच की कमी
(d) रोजगार के अवसरों की कमी

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** गरीबी रेखा या निर्धनता रेखा आय के उस स्तर को कहते हैं जिससे कम आमदनी होने पर व्यक्ति अपनी भौतिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ होता है। निरक्षरता स्तर, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच की कमी तथा रोजगार के अवसरों की कमी गरीबी का सामाजिक सूचक माना जाता है, जबकि परिवहन के साधनों की कम संख्या इसमें शामिल नहीं है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**53. परिवहन, संचार, वाणिज्य किस के अन्तर्गत आते हैं?**
(a) प्राथमिक गतिविधियाँ (b) द्वितीयक गतिविधियाँ
(c) तृतीयक गतिविधियाँ (d) ग्रामीण गतिविधियाँ
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** भारत में परिवहन, संचार तथा वाणिज्य तृतीयक गतिविधियों के अन्तर्गत आते हैं। तृतीय गतिविधियों के अन्तर्गत सेवा क्षेत्र की विशाल परिधि में व्यापार, होटल एवं रेस्तरा, परिवहन, भण्डारण एवं संचार, बीमा, वित्त रियल एस्टेट, व्यवसायिक सेवाएँ, सामाजिक एवं निजी सेवायें इत्यादि आती हैं। प्राथमिक गतिविधियाँ कृषि क्षेत्र से तथा द्वितीयक गतिविधियाँ विनिर्माण क्षेत्र/उद्योग क्षेत्र से सम्बन्धित हैं।

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**54. आयात कर-**
(a) व्यापार की मात्रा को बढ़ाता है
(b) व्यापार की मात्रा को घटाता है
(c) इसका व्यापार की मात्रा पर कोई प्रभाव नहीं होता
(d) (a) एवं (c) दोनों
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** किसी भी तरह के उत्पादों या सेवाओं को बाहर के किसी देश से खरीदने को आयात (Import) कहते हैं। आयात कर (टैरिफ) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर लगाया जाने वाला कर है। सामान्यतः इसे आयात पर लगाया जाता है। आयात कर व्यापार की मात्रा को घटाता है।

**55. भारतीय रुपये को चालू खाते में पूर्ण परिवर्तनीय बनाया गया था-**
(a) 1994 (b) 1995
(c) 1996 (d) 1997
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** वर्ष 1994 में भारतीय रुपया चालू खाते के लेन-देन में पूरी तरह से परिवर्तनीय बना दिया गया। चालू खाते की परिवर्तनीयता का तात्पर्य है कि मुद्रा की सीमा पार आवाजाही पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है। चालू खाता विनियमितता, लक्ष्यों, सेवाओं और आय के साधनों के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा से संबंधित भुगतान पर प्रतिबंध हटाने से संबंधित है।

**56. जी.एस.टी. किस तरह का कर है?**
(a) प्रत्यक्ष कर
(b) अप्रत्यक्ष कर
(c) वस्तुओं एवं सेवाओं के प्रकार पर निर्भर करता है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** गुड्स एंड सर्विस टैक्स (वस्तु और सेवा कर) एक अप्रत्यक्ष कर सुधार है जो राज्यों के बीच से करों की सीमा को दूर करता है और एक एकल बाजार का निर्माण करता है। जी एस टी के तहत केवल मूल्य संवर्धन पर कर लगेगा और कर का बोझ अंतिम उपभोक्ता द्वारा वहन किया जायेगा। जी एस टी एक देश, एक कर नियम के अंतर्गत माना जाता है। इसमें सभी 17 करों को एक कर से विस्थापित कर दिया गया। भारत में जी एस टी की शुरूआत 1 जुलाई, 2017 को की गयी थी।

**57. मुद्रा एवं वित्तीय मामलों में सरकार का वित्तीय अभिकर्ता एवं सलाहकार कौन है?**
(a) नाबार्ड (b) एस.बी.आई.
(c) आर.बी.आई. (d) उपरोक्त में कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** भारतीय रिजर्व बैंक, मुद्रा और वित्तीय मामलों में सरकार के वित्तीय अभिकर्ता और सलाहकार की भूमिका का निर्वहन करता है। रिजर्व बैंक के प्रमुख कार्यों में सरकार को सलाह देना और बैंक के खातों का रख-रखाव और नियमन इत्यादि भी सम्मिलित है।

## भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

**58. उरूग्वे दौर किससे सम्बन्धित है?**
(a) डब्ल्यू. टी. ओ. (b) आई. एम. एफ.
(c) गैट (d) विश्व बैंक
**उत्तर-(a & c)**

**व्याख्या-** गैट के उरुग्वे दौर (1989-93) ने विश्व व्यापार संगठन को जन्म दिया। 15 अप्रैल, 1994 को 123 देशों के वाणिज्य मन्त्रियों ने मराकेश में उरूग्वे दौर (1986-1994) के फाइनल एक्ट पर अपने हस्ताक्षर किये थे जिसकी परिणति में विश्व व्यापार संगठन की स्थापना की गयी और इस प्रकार 1948 में स्थापित गैट का स्थान 1 जनवरी, 1995 को WTO ने लिया। उल्लेखनीय है कि विश्व व्यापार संगठन स्वायत्त स्वतंत्र और वैधानिक अधिकार प्राप्त संस्था है जो संयुक्त राष्ट्र संघ का भाग या अधिकरण नहीं है। इसका मुख्यालय जेनेवा, (स्विट्जरलैंड में) है। वर्तमान में WTO के 164 सदस्य हैं।

**59. निम्नलिखित में किस वस्तु का 2017 में भारत से निर्यात सर्वाधिक रहा है?**
(a) कृषि एवं सम्बन्धित उत्पाद (b) अभियांत्रिकीय वस्तुएं
(c) वस्त्र (d) रसायन
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2017-18) के अनुसार भारत के निर्यात में 2017-18 (अप्रैल-नवम्बर) की अवधि में इंजीनियरिंग समान और समुद्री उत्पादों के निर्यात में अच्छी वृद्धि हुई थी। उल्लेखनीय है कि अभियांत्रिकीय वस्तुओं का भारत के कुल निर्यात में 26% योगदान है।

**60. शुद्ध निर्यात बराबर होता है-**
(a) निर्यात × आयात (b) निर्यात + आयात
(c) निर्यात – आयात (d) केवल सेवाओं का निर्यात
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** शुद्धनिर्यात वह मूल्य है जो किसी देश के कुल निर्यात में से कुल आयात के मूल्य को घटा देने के बाद प्राप्त होता है। यह धनात्मक और ऋणात्मक दोनों हो सकता है।
शुद्ध निर्यात = कुल निर्यात – कुल आयात

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**61. वैज्ञानिक प्रबन्धन का जनक कौन है?**
(a) हेनरी फेयोल (b) एल्टन मायो
(c) चेस्टन बर्नार्ड (d) एफ.डब्ल्यू. टेलर
**उत्तर-(d)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-** फ्रेडरिक विस्लों टेलर को वैज्ञानिक प्रबंधन का जनक कहा जाता है। वैज्ञानिक प्रबंधन का अर्थ है कि विशिष्ट ज्ञान से किसी कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से चलाना। 19वीं सदी के उत्तरार्ध तथा 20वीं शताब्दी के शुरूआती वर्षों में वैज्ञानिक प्रबंध आन्दोलन की शुरूआत एफ. डब्ल्यू. टेलर ने की। वैज्ञानिक प्रबंधन को परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा "यह जानने की कला कि आप व्यक्तियों से क्या करवाना चाहते हो तथा यह देखना कि वे किस प्रकार सबसे उचित व सस्ते ढंग से कार्य करते हैं।" टेलर की पुस्तक का नाम 'द प्रिंसिपल ऑफ साइंटिफिक मैनेजमेंट' है।

**62. ध्वनि की प्रबलता निम्नलिखित से मापी जाती है–**

(a) आवृत्ति (b) आयाम
(c) वेग (d) तरंग दैर्ध्य

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** ध्वनि की प्रबलता आयाम से मापी जाती है। तीव्रता (Intensity/loudness) ध्वनि का वह लक्षण है, जिससे ध्वनि धीमी/मन्द अथवा तीव्र/प्रवल सुनाई देती है।

**63. दूर दृष्टि दोष में प्रतिबिम्ब निम्नलिखित पर बनता है-**

(a) रेटिना पर (b) रेटिना के आगे
(c) रेटिना के पीछे (d) अन्ध बिन्दु पर

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दूर दृष्टि दोष (Hyper Metropia) में व्यक्ति दूर की चीजों को आसानी से और साफ देख सकते हैं, जबकि इसमें पास की चीजें धुंधली (blurr) दिखाई देती हैं। इस प्रकार के दृष्टि दोष में निकट की वस्तु की प्रतिबिम्ब रेटिना के पीछे बनता है। इस दृष्टि दोष को दूर करने के लिए उचित शक्ति (फोकस दूरी) के उत्तल (अभिसारी) लेन्स का प्रयोग किया जाता है।

**64. नाभिकीय ऊर्जा का उपयोग प्राय: कारक है-**

(a) वायु प्रदूषण (b) जल प्रदूषण
(c) ऊष्मीय प्रदूषण (d) ध्वनि प्रदूषण

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** नाभिकीय ऊर्जा के उपयोग के कारण ऊष्मीय प्रदूषण (Thermal pollution) की समस्या उत्पन्न होती है। नाभिकीय ऊर्जा वह ऊर्जा है जिसे नियंत्रित (यानी गैर-विस्फोटक) नाभिकीय अभिक्रिया से उत्पन्न किया जाता है। वर्तमान में विद्युत उत्पादन के लिए वाणिज्यिक संयंत्र नाभिकीय विखण्डन का उपयोग करते हैं। नाभिकीय रिएक्टर से प्राप्त ऊष्मा पानी को गर्म करके भाप बनाने के काम आती है, जिसे फिर बिजली उत्पन्न करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**65. प्रत्येक क्रिया के लिए एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है, यह नियम दिया था-**

(a) न्यूटन ने (b) एल्बर्ट आईन्स्टीन ने
(c) बोहर ने (d) हेन्डेन ने

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** न्यूटन के गति के तीसरे नियम (क्रिया-प्रतिक्रिया नियम) के अनुसार– "प्रत्येक क्रिया के लिए एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। उल्लेखनीय है कि न्यूटन ने गति विषयक तीन नियमों का प्रतिपादन किया जिसमें प्रथम– जड़त्व का नियम, द्वितीय– संवेग का नियम तथा तृतीय– क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम के नाम से जाना जाता है।

**66. निम्नलिखित में किसके लिये माध्यम आवश्यक नहीं है?**

(a) विकिरण (b) संवहन
(c) चालन (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'विकिरण' ही ऐसा ऊर्जा संचारण का प्रकार है जिसमें माध्यम आवश्यक नहीं होता है। संवहन तथा चालन विधि में ऊष्मा संचरण के लिए माध्यम की आवश्यकता होती है।

## रसायन विज्ञान

**67. इसमें मूलभूत कण कौन-सा है?**

(a) न्यूट्रान (b) प्रोटान
(c) पाई-मेसान (d) क्वार्क

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** विकल्प में दिये गये कणों में क्वार्क मूलभूत कण है। क्वार्क पदार्थ कणों का एक मूलभूत प्रकार है, इसे और तोड़ा नहीं जा सकता है। अधिकतर पदार्थ जो हम अपने आस-पास देखते हैं वह प्रोटान एवं न्यूट्रॉन से निर्मित हैं और ये प्रोटान तथा न्यूट्रॉन क्वार्क से बने होते हैं। हमारे आस-पास का समस्त पदार्थ इन्हीं क्वार्कों से निर्मित है। उल्लेखनीय है कि प्रोटान तथा न्यूट्रॉन नाभिक में पाये जाने वाले कण हैं तथा इलेक्ट्रॉन नाभिक के बाहर कक्षाओं में चक्कर लगाता रहता है। पाई-मेसॉन की खोज एच. युकावा ने की थी। यह एक अस्थायी मूलकण है। मूलभूत कणों के दो वर्ग हैं जिन्हें क्वार्क एवं लेप्टॉन कहा जाता है।

**68. स्टेनलेस स्टील एक मिश्र धातु है जिसमें लोहे के साथ निम्नलिखित को मिलाते हैं-**

(a) जस्ता (b) क्रोमियम
(c) टिन (d) तांबा

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** ऐसा स्टील जिसमें जंग ना लगे, उसे स्टेनलेस स्टील कहा जाता है। ये स्टील का ऐसा प्रकार है जो हवा, कार्बनिक और अकार्बनिक अम्लों से भी खराब नहीं होता है। साधारण स्टील की तुलना में स्टेनलेस स्टील ज्यादा ताप सह सकता है। इसके लिए स्टील में क्रोमियम मिलाया जाता है। स्टेनलेस स्टील बनाने के लिए स्टील में 15-20% क्रोमियम और 8–10% निकेल मिलाया जाता है।

**69. नाभिक के आकार की कोटि निम्नलिखित होती है-**

(a) $1 \times 10^{-15}$ मीटर (b) $1 \times 10^{-12}$ मीटर
(c) $1 \times 10^{-10}$ मीटर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** नाभिक अत्यंत सूक्ष्म आकार का होता है और परमाणु के केन्द्र में स्थित होता है। यह धनावेशित होता है तथा नाभिक में परमाणु का लगभग समस्त द्रव्यमान केन्द्रित होता है। नाभिक के अस्तित्व और इसके गुणों का पता लगाने का श्रेय विख्यात वैज्ञानिक रदरफोर्ड को जाता है। नाभिक के आकार की कोटि $1 \times 10^{-15}$ मीटर होती है एवं नाभिक की त्रिज्या $10^{-15}$ मीटर होती है।

**70. निम्नलिखित में से कौन काँच को गहरा नीला रंग प्रदान करता है?**

(a) कोबाल्ट ऑक्साइड (b) क्यूप्रिक ऑक्साइड
(c) फैरिक ऑक्साइड (d) निकल ऑक्साइड

**उत्तर-(a)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-**

| काँच में मिलाए जाने वाले पदार्थ | प्राप्त रंग का काँच |
|---|---|
| फेरिक ऑक्साइड | भूरा |
| क्रोमिक ऑक्साइड | हरा |
| कोबाल्ट ऑक्साइड | गहरा नीला |
| क्यूप्रिक ऑक्साइड, कैल्सियम सल्फाइड | चटक लाल |
| कैडमियम सल्फाइड | नींबू जैसा पीला |

# वनस्पति विज्ञान

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**71. इनमें से कौन विषाणु जनित रोग नहीं है?**

(a) खसरा (b) रैबीज
(c) पोलियो (d) क्षय रोग

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** विकल्प में दिये गये रोगों में क्षय रोग विषाणु जनित रोग नहीं है। क्षय रोग या तपेदिक जिसे आम भाषा में टीबी के रोग के नाम से जाना जाता है। इस रोग के उत्पन्न होने का सबसे बड़ा कारण माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु है।

| जीवाणु से होने वाले रोग | विषाणु से होने वाले रोग |
|---|---|
| क्षय रोग, डिप्थीरिया, | पोलियो, जुकाम, |
| हैजा, पेचिश, तपेदिक, | इन्फ्लुएन्जा, खसरा |
| निमोनिया, टाइफाइड आदि | रैबीज, पोलियो आदि |

**72. निम्न में से कौन-सा एक विटामिन सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में त्वचा में बनता है?**

(a) विटामिन A (b) विटामिन D
(c) विटामिन K (d) विटामिन E

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** विटामिन-D ऐसा विटामिन है जो सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में त्वचा में बनता है। विटामिन-A पत्तेदार सब्जियों, गाजर, मछली इत्यादि के द्वारा शरीर को प्राप्त होता है, वहीं विटामिन-E की प्राप्ति के स्रोत मेवे, फल व सब्जियाँ, विभिन्न प्रकार के बीज तथा उनसे प्राप्त तेल है। विटामिन-K पत्तेदार सब्जियों और अण्डे इत्यादि से प्राप्त होता है।

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**73. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसमें एक को अभिकथन (a) व दूसरे को कारण (R) कहा गया है-**

**कथन (a) : जीवमण्डल एक खुला (विवृत) तंत्र का उदाहरण है।**

**कारण (R) : जीवमण्डल में पदार्थ के प्रारम्भिक निवेश के बाद पुनः नये पदार्थों का निवेश नहीं हो सकता, परन्तु ऊर्जा के निवेश एवं बर्हिगमन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है।**

**अधोलिखित कूटों में से सही उत्तर चुनिये-**

(a) (a) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (a) की सही व्याख्या है।
(b) (a) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (a) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (a) सही है तथा (R) गलत है।
(d) (a) गलत है तथा (R) सही है।

**उत्तर-(c)**

**Ans. (c)** जीवमण्डल एक खुले तंत्र (सिस्टम) का उदाहरण है क्योंकि यह मौलिक रूप से संघटकों से निर्मित है– (1) जैविक संघटक (2) अजैविक संघटक तथा (3) ऊर्जा संघटक। ये तीनों संघटक आपस में एक-दूसरे पर आधारित हैं तथा ये संघटक परम्परावलम्बित हैं तथा वृहदस्तरीय चक्रीय क्रियाविधियों (जैव भूरसायन चक्र) द्वारा एक-दूसरे से अन्तर्सम्बन्धित हैं। वृहदस्तरीय जैव भूरसायन चक्रों के माध्यम से जीव-मण्डलीय तंत्र में ऊर्जा तथा पदार्थों के निवेश एवं बहिर्गमन की प्रक्रियाओं का चालन होता रहता है। जीवमण्डल एक खुला या विवृत तंत्र (Open System) का भी उदाहरण है, क्योंकि इसमें ऊर्जा का सतत निवेश या आगमन तथा पदार्थों का सतत बहिर्गमन होता रहता है। अतः कथन (a) सही है। उल्लेखनीय है कि जब तक इस जीवमण्डलीय तंत्र में ऊर्जा तथा पदार्थों का निवेश तथा पदार्थों के तंत्र से बाहर गमन में सन्तुलन बना रहता है तब तक जीवमण्डलीय तंत्र संतुलित दशा में बना रहता है परन्तु जब यह नाजुक संतुलन विक्षुब्ध हो जाता है तो जीवमण्डलीय तंत्र की संतुलन की रक्षा बिगड़ जाती है तथा इस असंतुलन के कारण कई प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं का सूत्रपात हो जाता है। अतः कथन (R) गलत है। इस प्रकार स्पष्ट है कि विकल्प (c) सही है।

**74. जैविक एवं अजैविक संघटकों के मध्य बिचौलिया का कार्य करते हैं-**

(a) परजीवी (b) वियोजक
(c) उत्पादक (d) उपभोक्ता

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** जैविक व अजैविक घटक आपस में सम्बन्धित होते हुए एक दूसरे से परस्पर क्रियाकलाप करते हैं एवं एक दूसरे को प्रभावित करते हुए प्रकृति एवं खाद्य शृंखला में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उत्पादक जैविक एवं अजैविक जगत के संघटकों के मध्य बिचौलिया होते है, क्योंकि ये प्रकाश संश्लेषण विधि से ऊर्जा प्राप्त करते हैं तथा भोज्य पदार्थ बनाते हैं एवं अपनी जड़ों द्वारा अजैविक पदार्थ ग्रहण करते हैं एवं उपभोक्ताओं (शाकाहारी, माँसाहारी व सर्वाहारी जीवों) के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भोजन के स्रोत के रूप में विद्यमान होते हैं।

**75. ऊपरी वायुमंडल की ओजोन परत का क्षरण निम्नलिखित में से किससे हो रहा है?**

(a) सल्फर डाइऑक्साइड
(b) फोटो केमिकल ऑक्सीडेन्ट्स
(c) क्लोरोफ्ल्यूरोकार्बन
(d) स्मॉग

**उत्तर-(c)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-**ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत का क्षरण क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) से हो रहा है। सीएफसी एक कार्बनिक यौगिक है जो केवल कार्बन, क्लोरीन, हाइड्रोजन और फ्लोरीन परमाणुओं के मिलने से बना है। इसका उपयोग पहले फ्रिज, रेफ्रिजरेटर के बनाने में किया जाता था। इससे निकलने वाले क्लोरीन गैस से ओजोन का काफी क्षय होता था तो क्रमबद्ध रूप से इन उपकरणों में सुधार किया गया। उल्लेखनीय है कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, ओजोन परत को क्षीण करने वाले पदार्थों के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय संधि है जो ओजोन परत को संरक्षित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से उन पदार्थों का उत्सर्जन रोकने के लिए बनाई गयी है, जिन्हें ओजोन परत को क्षीण करने के लिए उत्तरदायी माना जाता है।

**76. निम्नलिखित में कौन एक हरित गृह गैस नहीं है?**

(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) क्लोरोफ्ल्यूरोकार्बन्स (d) मीथेन

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** हरित गृह गैसें (ग्रीन हाउस गैसें) वातावरण में वैश्विक ऊष्मन के लिए उत्तरदायी गैसें हैं जिनमें प्रमुख गैसों के रूप में कार्बन डाई-ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन्स, मीथेन, जलवाष्प, ओजोन शामिल हैं। ऑक्सीजन इन हरित गृह गैसों में सम्मिलित नहीं है। अतः विकल्प (a) उचित उत्तर होगा।

**77. भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये प्रोजेक्ट एलिफेंट से सम्बन्धित निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) यह 1991-92 में शुरू किया गया था
(b) यह मानव और हाथी के बीच टकराव की समस्या पर काम करता है
(c) यह केवल जंगली हाथियों के कल्याण पर केन्द्रित है
(d) इसे केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के रूप में आरम्भ किया गया था

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** प्रोजेक्ट ऐलिफैंट भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा 1992 ई. में एशियाई जंगली हाथियों के वन्यजीव संरक्षण प्रदान करने के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में आरम्भ की गयी थी। यह प्रोजेक्ट मानव एवं हाथी के टकराव की कमी हेतु विभिन्न दिशा निर्देश भी जारी करता है।

**78. भारत सरकार ने नार्वे सरकार के साथ मिलकर एक जैव विविधता नीति एवं कानून के केन्द्र की स्थापना की है-**

(a) देहरादून में (b) चेन्नई में
(c) शिलांग में (d) नई दिल्ली में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारत सरकार ने नार्वे सरकार के साथ मिलकर जैव विविधता नीति और कानून के केन्द्र की स्थापना चेन्नई में की थी जिसका मुख्य उद्देश्य जैव विविधता नीति और कानून के सन्दर्भ में व्यवसायिक दक्षता और सामर्थ्य अर्जित करना है।

## प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

**79. लखनऊ महानगर के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. 18वीं सदी के उत्तरार्ध में नवाब आसफुद्दौला ने नगर को नियोजित तरीके से विकसित किया।
2. ब्रिटिश काल में सर हरकोर्ट बटलर ने इसके सुगठित विकास पर ध्यान दिया।
3. महानगर की कुल भूमि के 23% भाग पर रिहायशी क्षेत्र पाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

**कूट :**

(a) केवल 2 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** लखनऊ के वर्तमान स्वरूप की स्थापना नवाब आसफुद्दौला ने वर्ष 1775 में की थी। अवध के शासकों ने लखनऊ को अपनी राजधानी बनाकर इसे समृद्ध किया। कालान्तर में ब्रिटिश रेजीडेंट हरकोर्ट बटलर ने भी इसके सुगठित विकास में योगदान दिया। लखनऊ नगर निगम 'City Development Plan' के अनुसार महानगर के 55% से अधिक भूमि पर रिहायशी क्षेत्र विस्तृत है।

**80. उत्तर प्रदेश की कौन-सी निम्नलिखित जनजाति दीपावली को शोक के रूप में मनाती है?**

(a) सहरिया (b) बैगा
(c) परहरिया (d) थारु

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** थारू जनजाति दीपावली को शोक के रूप में मनाते हैं। इस दिन ये अपने पूर्वजों को भेट आदि प्रदान करते हैं जिसे रोटी कहा जाता है। थारू जनजाति के लोग प्रदेश के तराई क्षेत्र के 5 जिलों (महराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच व लखीमपुर) के उत्तरी भागों में निवास करते हैं। ये किरात वंश के हैं तथा कई उपजातियों में विभाजित हैं। ये लोग राजपुताना के थार मरुस्थल से आकर यहाँ बसे है अतः ये थारू कहलाते हैं।

**81. उत्तर प्रदेश में नालेज पार्क की स्थापना कहाँ की जा रही है?**

(a) लखनऊ (b) प्रयागराज
(c) वाराणसी (d) ग्रेटर नोएडा

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** उत्तर प्रदेश में नॉलेज पार्क की स्थापना ग्रेटर नोएडा में की गई है। लखनऊ में बायोटेक्नोलॉजी पार्क, वाराणसी में भारतीय शाक-भाजी अनुसंधान संस्थान (IVRI) स्थित है। केन्द्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान, प्रयागराज में है।

**82. उत्तर प्रदेश में कृत्रिम अंग निर्माण निगम कहाँ स्थित है?**

(a) वाराणसी (b) प्रयागराज
(c) कानपुर (d) आगरा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है जो विकलांग लोगों के लिए कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरणों का निर्माण करता है। इसकी स्थापना 1972 में की गयी थी। इसका मुख्यालय उत्तर प्रदेश के कानपुर में स्थित है।

**83. 'आल्हा' एक लोकप्रिय संगीत किस क्षेत्र का है?**

(a) रूहेलखण्ड (b) बुन्देलखण्ड
(c) पूर्वांचल (d) पश्चिमी उत्तर प्रदेश

**उत्तर-(b)**



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-** आल्हा एक लम्बे समय से चली आ रही लोक कथाओं का नायक है। इसकी कथाओं को आधार बनाकर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में एक विशिष्ट गायन प्रथा को जन्म मिला जिसको 'आल्हा' नाम से जाना जाता है। इस प्रथा के गीत भी स्थानीय देहाती भाषा में हैं। परमाल रासो आदिकालीन हिन्दी साहित्य का प्रसिद्ध वीरगाथात्मक रासोकाव्य है। इसकी रासो का एक खण्ड आल्हखण्ड है जिसमें महोबा के दो प्रसिद्ध वीरों आल्हा और ऊदल के वीर चरित्र का वर्णन है। इसके रचयिता जगनिक हैं।

**84. भारत के मेंथा तेल उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान कितने प्रतिशत है?**

(a) 60% (b) 85%
(c) 75% (d) 90%

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारत के मेंथा तेल उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 85% है। मेंथा की खेती बदायूँ, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, लखनऊ आदि जिलों में किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर की जाती है। इसके तेल का उपयोग सुगन्ध व औषधि बनाने में किया जाता है। भारत मेंथा का सम्पूर्ण विश्व में 80% उत्पादन करता है।

**85. उत्तर प्रदेश में सुरमा उद्योग के लिए प्रसिद्ध है-**

(a) वाराणसी (b) प्रयागराज
(c) मुरादाबाद (d) बरेली

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र एवं उससे संबंधित जिला/स्थान निम्नलिखित हैं–

| **औद्योगिक क्षेत्र** | **संबंधित जिला/स्थान** |
|---|---|
| सुरमा उद्योग | बरेली |
| ब्लैक पाटरी उद्योग | आजमगढ़ (निजामाबाद) |
| कत्था उद्योग | बरेली |
| बाँसुरी उद्योग | पीलीभीत |
| प्लाईवुड उद्योग | सीतापुर, सहारनपुर, नजीबाबाद (बिजनौर) |

**86. निम्नलिखित में से किस स्थान पर भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान है?**

(a) आगरा (b) कानपुर
(c) लखनऊ (d) वाराणसी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में स्थित है। यह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली का एक घटक संस्थान है। सब्जियों की महत्ता को देखते हुए वर्ष 1992 में सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत सब्जी अनुसंधान परियोजना निदेशालय के रूप में इसकी स्थापना वाराणसी में की गई।

**87. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. काले मिट्टी के बर्तन | 1. मुरादाबाद |
| B. चीनी मिट्टी के बर्तन | 2. खुर्जा |
| C. पीतल शिल्पकृति | 3. फिरोजाबाद |
| D. शीशा शिल्पकृति | 4. निजामाबाद |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 | (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 | (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** सही सुमेल निम्नलिखित है–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| काले मिट्टी के बर्तन | निजामाबाद (आजमगढ़) |
| चीनी मिट्टी के बर्तन | खुर्जा |
| पीतल शिल्पकृति | मुरादाबाद |
| शीशा शिल्पकृति | फिरोजाबाद |

**88. उत्तर प्रदेश का राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लि. कहाँ स्थित है?**

(a) आगरा (b) कानपुर
(c) मुरादाबाद (d) गाजियाबाद

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** उत्तर प्रदेश का राज्य चर्म विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड आगरा में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1974 में हुई।

## तर्कशक्ति परीक्षण

**89. नीचे दी गयी तालिका/चित्र में (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 3 | 7 |
| 5 | 12 | 14 |
| 25 | ? | 28 |
| 125 | 192 | 56 |

(a) 40 (b) 48
(c) 56 (d) 64

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 3 | 7 |
| 5 | 12 | 14 |
| 25 | ? | 28 |
| 125 | 192 | 56 |

जिस प्रकार पहले स्तम्भ से,

$1 \times 5 = 5$
$5 \times 5 = 25$
$25 \times 5 = 125$

उसी प्रकार दूसरे स्तम्भ से,

$3 \times 4 = 12$
$12 \times 4 = 48$
$48 \times 4 = 192$

तथा तीसरे स्तम्भ से,

$7 \times 2 = 14$
$14 \times 2 = 28$
$28 \times 2 = 56$

अतः प्रश्न चिन्ह के स्थान पर 48 होगा।

**90. 'फूल' का 'पत्ती' से वही सम्बन्ध है जैसे पुस्तक सम्बन्धित है-**

(a) पुस्तकालय से (b) लेखक से
(c) पृष्ठों से (d) विषय वस्तु से

**उत्तर-(c)**




GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-** 'फूल' का 'पत्ती' (पंखुड़ी) से वही सम्बन्ध है जैसे पुस्तक का सम्बन्ध 'पृष्ठों से' है, क्योंकि कई पृष्ठों से मिलकर पुस्तक बनती है और कई पंखुडियों से मिलकर फूल बनते हैं।
**नोट-** प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण में पत्ती के लिए PEATELS का दिया हुआ है, जिसका अर्थ पंखुडी होता है।

**91. दिये गये विकल्पों में से कौन × के स्थान पर आयेगा?**
**27, 31, 40, 56, 81, 117, ×**
(a) 156 (b) 165
(c) 166 (d) 169
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दी गई श्रृंखला निम्नवत है-




अतः × के स्थान पर 166 होगा।

**92. नीचे दी गयी तालिका में A, B एवं C का मान क्या होगा?**

| | | |
|---|---|---|
| 9 | A | 12 |
| B | 10 | 7 |
| 8 | C | 11 |

(a) A = 9, B = 11, C = 13
(b) A = 13, B = 9, C = 11
(c) A = 9, B = 13, C = 11
(d) A = 13, B = 11, C = 9
**उत्तर-(c)**


**व्याख्या-**

| | | |
|---|---|---|
| 9 | A | 12 |
| B | 10 | 7 |
| 8 | C | 11 |

दी गयी तालिका में संख्याओं को क्षैतिज, ऊर्ध्वाधर तथा विकर्णवत जोड़ने पर उनका योगफल 30 प्राप्त होता है।
अतः
$\Rightarrow$ $9 + A + 12 = 30$
$A = 30 - 21$
$A = 9$
$\Rightarrow$ $B + 10 + 7 = 30$
$B = 30 - 17$
$B = 13$
$\Rightarrow$ $8 + C + 11 = 30$
$C = 30 - 19$
$C = 11$
अतः A = 9, B = 13 तथा C = 11

**93. एक आदमी पूर्व की ओर मुँह करके घड़ी चलने की दिशा में $60^0$ घूमता है और फिर घड़ी चलने की विपरीत दिशा में $255^0$ घूमता है और अन्ततः घड़ी घूमने की दिशा में $105^0$ घूमता है। अब उसका मुँह किस दिशा में हैं?**
(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर
(c) पश्चिम (d) दक्षिण-पूर्व
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** प्रश्नानुसार,




अतः स्पष्ट है कि अंतिम स्थिति में व्यक्ति का मुँह उत्तर दिशा में होगा।

**94. निम्नलिखित सीरीज को पूर्ण कीजिए-**
**2, 9, 28, 65, ?**
(a) 121 (b) 195
(c) 126 (d) 103
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** प्रश्नगत सीरीज निम्नवत है-
$1^3 + 1 = 2$
$2^3 + 1 = 9$
$3^3 + 1 = 28$
$4^3 + 1 = 65$
$5^3 + 1 = 126$
अतः सीरीज का अगला पद 126 होगा।

**95. DETERMINATION शब्द के अक्षरों से निम्नलिखित शब्दों में से किसे नहीं बनाया जा सकता है?**
(a) TERMIDE (b) MODERN
(c) TENDER (d) MOTHER
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** शब्द 'DETERMINATION' के अक्षरों से विकल्प में दिये गये शब्द– TERMIDE, MODERN तथा TENDER बनाये जा सकते हैं जबकि MOTHER शब्द नहीं बनाया जा सकता है। क्योंकि शब्द DETERMINATION में 'H' अक्षर नहीं है।

**96. दी गयी श्रृंखला में कौन-सी संख्या गलत है?**
**1235, 2425, 3158, 4235**
(a) 1235 (b) 2425
(c) 3158 (d) 4235
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दी गयी श्रृंखला में 3158 गलत संख्या है क्योंकि श्रृंखला में यही एक संख्या है जो 5 से विभाज्य नहीं है।

**97. प्रश्न सूचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?**

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 11 | 99 |
| 10 | 25 | 50 |
| 28 | 35 | ? |

(a) 110 (b) 140
(c) 148 (d) 175
**उत्तर-(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या-** जिस प्रकार,

9 और 11 का ल.स. = 99

10 और 25 का ल.स. = 50

उसी प्रकार,

28 और 35 का ल.स.–

28 = 2×2×7

35 = 5×7

ल.स. = 2×2×5×7 = 140

अतः ? = 140

**98. निम्नलिखित कूट संकेतों में से सही विकल्प द्वारा शृंखला को पूर्ण कीजिए-**

**V, I, B, ----, ----, -----**

(a) G, Y, O, R (b) G, O, Y, R

(c) G, O, R, Y (d) Y, G, O, R

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दी गयी शृंखला सूर्य के सप्तरंगी प्रकाश के लिए प्रयुक्त अक्षरों के लिए है जो विकल्प (a) के अक्षरों से भरने पर पूर्ण हो जायेगी। सूर्य के सप्तरंगी प्रकाश को अंग्रेजी भाषा में V I B G Y O R कहते हैं। यह शब्द सभी रंगों के अंग्रेजी शब्दों के प्रारंभिक अक्षरों से मिलकर बना है।

## समसामयिकी

**99. निम्नलिखित में से किस खेल में आँचल ठाकुर भारत की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय मेडल विजेता बनीं?**

(a) ऊँची कूद (b) कुश्ती

(c) स्कीइंग (d) शतरंज

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** हिमाचल प्रदेश के मनाली की रहने वाली आंचल ठाकुर ने देश को स्कीइंग में पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक दिलाया है। उन्होंने 'एल्पाइन एज्डेर-3200 कप' टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। यह टूर्नामेंट 'एफआईएस (फेडरेशन इंटरनेशनल डी स्की) की ओर से आयोजित किया जाता है।

**100. 'उत्तर प्रदेश रत्न पुरस्कार' निम्नलिखित में से किस भारतीय-अमेरिकी नागरिक को दिया गया है?**

(a) सैम पित्रोदा (b) सुनीता विलियम्स

(c) फ्रैन्क इस्लाम (d) कल्पना चावला

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** उत्तर प्रदेश रत्न पुरस्कार राज्य से प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान को पहचान करने के लिए स्थापित किया गया है। भारतीय मूल के एक अमेरिकी उद्यमी और परोपकारी व्यक्ति फ्रैंक इस्लाम को उनकी उपलब्धियों और विदेश में उल्लेखनीय योगदान के लिए जनवरी, 2016 में आगरा में उत्तर प्रदेश प्रवासी दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया था। वर्ष 2021 में 12 व्यक्तियों को यह पुरस्कार प्रदान किया गया और 2022-23 के लिए नामों का आमंत्रण माँगा गया है।

**101. रेमन मैगसेसे अवार्ड 2018 से किसे सम्मानित किया गया?**

(a) सोनम वांगचुक (b) आँग सान सू की

(c) मलाला युसुफजई (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** सड़कों पर मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिए काम करने वाले मनोचिकित्सक भरत वतवानी और आर्थिक प्रगति के लिए विज्ञान और संस्कृति को रचनात्मक रूप से काम में लाकर लद्दाखी युवकों की जिंदगियाँ बदलने वाले सोनम वांगचुक को वर्ष 2018 में प्रतिष्ठित रेमन मैग्ससे अवार्ड प्रदान किया गया। 2019 का रेमन मैग्सेसे अवार्ड भारतीय पत्रकार रवीश कुमार को प्रदान किया गया। 2022 का यह पुरस्कार कंबोडियाई मनोचिकित्सक सोथियारा छिम के साथ चार लोगों को दिया जायेगा। केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के.के. शैलजा ने रेमन मैग्सेस अवॉर्ड फाउंडेशन के वर्ष 2022 के पुरस्कार को ठुकरा दिया है।

**102. किसको हराकर सिमोना हालेप, फ्रेंच ओपन टेनिस प्रतियोगिता 2018 की विजेता बनीं?**

(a) स्लोन स्टीफेन्स (b) सेरेना विलियम्स

(c) वीनस विलियम्स (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** फ्रेंच ओपन 2018 के महिला सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में सिमोना हालेप ने स्लोन स्टीफेन्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। वर्ष 2022 में फ्रेंच ओपन के महिला सिंगल्स के फाइनल में पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने अमेरिका की कोको गॉफ को हराया।

**103. संयुक्त राष्ट्र के सर्वोत्तम पर्यावरण सम्मान 'चैम्पियन आफ द अर्थ' पुरस्कार 2018 से किसे सम्मानित किया गया है?**

(a) नरेन्द्र मोदी (b) मेधा पाटकर

(c) उमा भारती (d) सोनम वांगचुक

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को संयुक्त राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यावरण सम्मान 'चैम्पियंस ऑफ द अर्थ' 2018 से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें पॉलिसी लीडरशिप कैटिगरी में दिया गया है। दोनों को यह सम्मान इंटरनेशनल सोलर अलायंस और पर्यावरण के मोर्चे पर महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण के सबसे बड़े सम्मान के रूप में दिए जाने वाले इस पुरस्कार को वर्ष 2005 में प्रारम्भ किया गया था। वर्ष 2022 के लिए 'चैम्पियन ऑफ द अर्थ' डॉ. पूर्णिया देवी बर्मन (भारतीय वन्यजीवी वैज्ञानिक) को चुना गया।

**104. 2018 में साहित्य के नोबेल पुरस्कार के विजेता कौन हैं?**

(a) काजुओ इशिगुरो (b) बॉब डिलन

(c) पैट्रिक मोदियानों (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** वर्ष 2018 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार ओल्गा टोकारजुक को दिया गया। वर्ष 2022 का यह पुरस्कार एनी एर्नोक्स (फ्रांस) को साहसिक और नैदानिक तीक्ष्णता हेतु प्रदान किया गया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**105. निम्न में से किस शहर को राष्ट्रीय धरोहर शहर विकास और संवर्धन योजना के अन्तर्गत शामिल नहीं किया गया है?**

(a) आगरा (b) अजमेर
(c) अमरावती (d) अमृतसर

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णतः संचालित धरोहर शहर विकास और संवर्धन योजना में आगरा को शामिल नहीं किया गया है। (HRIDAY- Heritage city development and augmentation Yojna) इसकी शुरुआत भारत के प्राचीन शहर, गाँव के विकास व वृद्धि के लिए की गई है। शहरों का विकास होने से वहाँ लोगों का आवागमन बढ़ेगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की शुरुआत 21 जनवरी, 2015 को हुई थी। इस योजना के पहले चरण में देश के 12 शहरों को विकास के लिए चुना गया था। ये शहर हैं– अजमेर, अमरावती (आंध्रप्रदेश), अमृतसर, बादामी, द्वारका, गया, कांचीपुरम, मथुरा, पुरी, वाराणसी, वेलान्कन्ती एवं वारंगल।

**106. 2019 के ऑस्कर अवार्ड के लिए भारत सरकार की ओर से किस फिल्म का चयन किया गया है?**

(a) सुई धागा (b) पटाखा
(c) विलेज रॉकस्टार्स (d) बत्ती गुल मीटर चालू

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** वर्ष 2019 के ऑस्कर अवार्ड के लिए फिल्म विलेज रॉकस्टार्स का चयन किया गया था। ऑस्कर अवॉर्ड 2023 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार एवरीवेयर ऑल एट वन्स, सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल सांग नाटू-नाटू (फिल्म RRR) एवं सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंटरी शार्ट फिल्म पुरस्कार द एलिफेंट व्हिस्पर्स (तमिल, भारतीय फिल्म) को प्रदान किया गया।

**107. 2016 में कार्यान्वित नवीन राष्ट्रीय वन सूची डिजाइन के अन्तर्गत वन सूची समीक्षा का समय घटाकर किया गया है-**

(a) 5 वर्ष (b) 2 वर्ष
(c) 6 माह (d) 10 वर्ष

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** फरवरी, 2016 में कार्यान्वित नवीन राष्ट्रीय वन सूची डिजाइन के अन्तर्गत वन सूची समीक्षा का समय 20 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष कर दिया गया है।

**108. निम्नलिखित में से किसे अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त किया गया है?**

(a) गीता गोपीनाथ (b) मौरिस ओब्सफेल्ड
(c) क्रिस्टीन लेगार्ड (d) राधा पॉल

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** गीता गोपीनाथ ने 8 जनवरी, 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। फ्रांस के अर्थशास्त्री पियरे ओलिवर गौरीचेस वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रमुख अर्थशास्त्री है।

**109. नेपाल सरकार ने निम्नलिखित में से किसको पर्यटन एवं संस्कृति का सद्भावना राजदूत नियुक्त किया है?**

(a) जया प्रदा (b) हेमा मालिनी
(c) प्रियंका चोपड़ा (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** 22 सितम्बर, 2018 को नेपाल सरकार ने भारतीय अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा को पर्यटन एवं संस्कृति का सद्भावना राजदूत नियुक्त किया है। जया प्रदा की यह नियुक्ति चार वर्षों के लिए नेपाल सरकार द्वारा की गयी है।

**110. 2018 के कॉमनवेल्थ खेलों की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर कौन-सा देश रहा?**

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) इंग्लैण्ड
(c) कनाडा (d) भारत

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** वर्ष 2018 के राष्ट्रमण्डल खेलों की पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया 198 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा। इस राष्ट्रमण्डल खेल आयोजन में द्वितीय स्थान पर इंग्लैण्ड (136 पदक) तथा तृतीय स्थान पर भारत (66 पदक) रहा। बर्मिघम में वर्ष 2022 में 22वें कॉमनवेल्थ खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 72 देशों ने हिस्सा लिया। जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 178 मेडल जीते। भारत कुल 61 पदक (22 स्वर्ण) के साथ चौथे स्थान पर रहा।

## विविध

**111. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (राज्य) | सूची-II (अस्तित्व में आने का वर्ष) |
|---|---|
| A. नागालैण्ड | 1. 2000 |
| B. झारखंड | 2. 1962 |
| C. तेलंगाना | 3. 1975 |
| D. सिक्किम | 4. 2014 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**उत्तर-(*)**

**व्याख्या-** सही सुमेल निम्नलिखित हैं–

| सूची-I ( राज्य ) | सूची-II ( अस्तित्व में आने का वर्ष ) |
|---|---|
| नागालैण्ड | 1963 |
| झारखण्ड | 2000 |
| तेलंगाना | 2014 |
| सिक्किम | 1975 |

**112. महा कुम्भ मेला प्रायः कितने वर्ष पर आयोजित किया जाता है?**

(a) 10 वें वर्ष (b) 12 वें वर्ष
(c) 14 वें वर्ष (d) 16 वें वर्ष

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु कुंभ पर्वस्थल हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। इसमें से प्रत्येक स्थान पर प्रति 12वें वर्ष और प्रयागराज में दो कुंभ मेलों के बीच 6 वर्ष के अंतराल में अर्द्ध कुंभ भी होता है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में कुंभ एवं अर्द्धकुंभ के नामों को परिवर्तित किया गया तथा कुंभ को महाकुंभ तथा अर्द्धकुंभ को कुंभ नाम दिया गया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**113. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (समाचार पत्र) | सूची-II (प्रकाशक) |
|---|---|
| A. बंगाली | 1. जोगेन्द्र नाथ बोस |
| B. बंगवासी | 2. अरविंद घोष |
| C. वंदे मातरम | 3. सुरेन्द्र नाथ बनर्जी |
| D. अमृत बाजार पत्रिका | 4. मोती लाल घोष |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**

| सूची-I (समाचार पत्र) | सूची-II (प्रकाशक) |
|---|---|
| बंगाली | सुरेन्द्र नाथ बनर्जी |
| बंगवासी | जोगेन्द्र नाथ बोस |
| वंदे मातरम् | अरविन्द घोष |
| अमृत बाजार पत्रिका | मोती लाल घोष |

**114. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अष्टाध्यायी | 1. यास्क |
| B. महाभाष्य | 2. कात्यायन |
| C. निरुक्त | 3. पतंजलि |
| D. वार्तिका | 4. पाणिनि |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** सही सुमेल निम्नलिखित है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| अष्टाध्यायी | पाणिनि |
| महाभाष्य | पतंजलि |
| निरुक्त | यास्क |
| वार्तिका | कात्यायन |

**115. सूची-I एवं सूची-II का मिलान कीजिए तथा दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. स्तूप | 1. बाघ |
| B. चित्रकारी | 2. साँची |
| C. कनिष्क की सिरविहीन मूर्ति | 3. देवगढ़ |
| D. दशावतार मन्दिर | 4. मथुरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** सही सुमेल निम्नलिखित है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| स्तूप | साँची |
| चित्रकारी | बाघ |
| कनिष्क की सिरविहीन मूर्ति | मथुरा |
| दशावतार मन्दिर | देवगढ़ |

**116. भारत एवं एशिया का प्रथम डॉल्फिन शोध केन्द्र एन.डी.आर.सी. की स्थापना गंगा नदी के तट पर किस शहर में की जा रही है?**

(a) हरिद्वार (b) पटना
(c) वाराणसी (d) भागलपुर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** भारत एवं एशिया का पहला डॉल्फिन शोध केन्द्र (NDRC) की स्थापना गंगा नदी के तट पर पटना (बिहार) शहर में की जा रही है। इसके अतिरिक्त मुंगेर में एक 'आब्जर्वेटरी' का निर्माण कराया जा रहा है, जहाँ से डॉल्फिनों को देखा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने 5 अक्टूबर, 2009 को गंगा डॉल्फिन को भारत का जलीय जीव घोषित किया है। गंगा नदी में पायी जाने वाली गंगा डॉल्फिन एक नेत्रहीन जलीय जीव है।

**117. निम्नलिखित में से किसने अपने पहले टेस्ट में शतक नहीं बनाया है?**

(a) सौरव गांगुली (b) विरेन्द्र सहवाग
(c) पृथ्वी शॉ (d) सुनील गावस्कर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** विकल्प में दिये गये क्रिकेट खिलाड़ियों में सुनील गावस्कर ने अपने पहले टेस्ट में शतक नहीं बनाया है जबकि सौरव गांगुली, वीरेन्द्र सहवाग तथा पृथ्वी शॉ ने अपने पहले टेस्ट में शतक बनाया था। सुनील गावस्कर भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और कप्तान रह चुके हैं। उन्होंने अपने 16 वर्ष के खेल जीवन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 35 शतक बनाये।

**118. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव पूँजी निर्माण पर प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं डालेगा?**

(a) शिक्षा (b) चिकित्सीय देखभाल
(c) प्रशिक्षण (d) सिंचाई

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** मानव पूँजी निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक पाँच प्रकार के हैं जो निम्नलिखित हैं–
(a) शिक्षा (Education)
(b) स्वास्थ्य (Health)
(c) प्रशिक्षण (Training)
(d) प्रवसन (Migration)
(e) सूचना/जानकारी (Information)
सिंचाई मानव पूँजी निर्माण से किसी प्रकार से संगत नहीं है।

**119. देश के किस राज्य का हिस्सा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित नहीं है?**

(a) दिल्ली (b) उत्तर प्रदेश
(c) हरियाणा (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश राज्य का कोई भी क्षेत्रीय अंश राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं आता है। उत्तर प्रदेश के 8 जिले (बागपत, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली), हरियाणा के 14 जिले (करनाल, जींद, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, नूह, गुरुग्राम, पलवल और फरीदाबाद) और राजस्थान के 2 जिले (अलवर और भरतपुर) तथा सम्पूर्ण दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं।

**120. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) इंदु प्रकाश - एम. जी. रानाडे
(b) नेटिव ओपीनियन - बी.एन. मांडलिक
(c) बॉम्बे क्रॉनिकल - गोपाल कृष्ण गोखले
(d) इंडियन मिरर - देवेंद्रनाथ टैगोर

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** बॉम्बे क्रॉनिकल अंग्रेजी अखबार था जो 1910 में सर फिरोजशाह मेहता द्वारा मुम्बई से प्रकाशित किया जाता था।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2017

# सामान्य हिन्दी

## हल प्रश्न-पत्र

**परीक्षा तिथि : 17 फरवरी, 2019**

## (विश्लेषण सहित व्याख्या)

**1. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) उपलक्ष (b) कुशाशन
(c) प्रशंसा (d) दिपिका

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'प्रशंसा' है। अन्य शब्दों का शुद्ध रूप निम्नलिखित है–

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| उपलक्ष | – | उपलक्ष्य |
| दिपिका | – | दीपिका |
| कुशाशन | – | कुशासन |

**2. 'वे अच्छी लड़कियाँ हैं' वाक्य में विकारी विशेषण है-**

(a) अच्छी (b) लड़कियाँ
(c) वे (d) हैं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दिये गये वाक्य में 'अच्छी' विकारी विशेषण है। विकारी विशेषण वे शब्द होते हैं, जिनमें परिवर्तन सम्भव होते हैं। इन विशेषणों में लिंग, वचन इत्यादि के आधार पर परिवर्तन होते हैं। जैसे– वे अच्छे लड़के हैं– यहाँ 'अच्छा' शब्द पुल्लिंग के अनुसार 'अच्छी' से भिन्न रूप में है।

**3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के निम्नलिखित विकल्पों में से कौन गलत है?**

(a) जंगल की आग - दावानल
(b) आगे की सोचने वाला - अग्रगामी
(c) समुद्र की आग - बड़वानल
(d) पेट की आग - जठराग्नि

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'आगे की सोचने वाला–अग्रगामी' गलत है क्योंकि 'आगे की सोचने वाला' के लिए उपयुक्त शब्द 'अग्रसोची' है।

**4. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है-**

(a) यहाँ मीठे पानी का एक कूँआ है।
(b) एक रूपये में कितने पैसे होते हैं।
(c) आज रेणु देवी का व्याख्यान होगा।
(d) साधू को भिक्षा दो।

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'आज रेणु देवी का व्याख्यान होगा।' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। 'यहाँ मीठे पानी का एक कूँआ है।' में 'कुँआ' होना चाहिए; 'एक रूपये में कितने पैसे होते हैं।' में 'रुपये' होना चाहिए और 'साधू को भिक्षा दो' में 'साधु' होना चाहिए।

**5. 'सुधामयी, वात्सल्यमयी, तू प्रेममयी है' वाक्य में विशेष्य है-**

(a) सुधामयी (b) वात्सल्यमयी
(c) प्रेममयी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में से कोई भी विशेष्य नहीं है, अतः विकल्प (d) सही है। प्रश्नगत वाक्यांश में 'सुधामयी', 'वात्सल्यमयी' तथा 'प्रेममयी' तीनों ही विशेषण हैं तथा 'तू' विशेष्य है।

**6. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है-**

(a) चरखा कातना चाहिए।
(b) उसने मुक्त हस्त से धन लुटाया।
(c) हमारे यहाँ तरूण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबन्ध है।
(d) मुझसे यह काम सम्भव नहीं।

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'मुझसे यह काम सम्भव नहीं' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं–
(a) चरखा कातना चाहिए।
शुद्ध– चरखा चलाना चाहिए।
(b) उसने मुक्तहस्त से धन लुटाया।
शुद्ध– उसने मुक्त हस्त धन लुटाया।
(c) हमारे यहाँ तरूण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबन्ध है।
शुद्ध– हमारे यहाँ नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबन्ध है।

**7. 'गोत्र' शब्द का तद्भव रूप होगा-**

(a) गोत (b) वंश
(c) खानदान (d) गोद

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'गोत्र' शब्द का तद्भव रूप 'गोत' होगा।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**8. उच्छ्वास शब्द का तद्भव रूप होगा-**

(a) श्वास (b) प्रश्वास
(c) उसास (d) निःश्वास

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'उच्छ्वास' का तद्भव रूप 'उसास' होगा।

**9. 'निषिद्ध' के लिए सही विलोम है-**

(a) सिद्ध (b) शुद्ध
(c) गर्हित (d) विहित

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'निषिद्ध' का सही विलोम शब्द 'विहित' है।

**10. 'जो भेदा या तोड़ा न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) अभेद्य (b) दुर्भेद्य
(c) संवेद्य (d) नैवेद्य

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में वाक्यांश 'जो भेदा या तोड़ा न जा सके' के लिए एक शब्द 'अभेद्य' उपयुक्त है।

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है?**

(a) उपार्जन (b) उपनिवेश
(c) चक्षु (d) घरेलू

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'घरेलू' शब्द विशेषण का सर्वाधिक उचित विकल्प है।

**12. 'उलाहना' शब्द का तत्सम रूप होगा-**

(a) ओरहन (b) उपालंभ
(c) निन्दा (d) झगड़ा करना

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'उलाहना' शब्द का तत्सम रूप 'उपालंभ' होगा।

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(a) भष्म (b) फाल्गुण
(c) भीष्म (d) मृन्मय

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'भीष्म' शब्द सर्वाधिक शुद्ध है। अन्य शब्दों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं–

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| भष्म | – | भस्म |
| फाल्गुण | – | फाल्गुन |
| मृन्मय | – | मृण्मय |

**14. उत्तरायण का विलोम है-**

(a) पलायन (b) विस्थापन
(c) ईशान (d) दक्षिणायन

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'उत्तरायण' का विलोम शब्द 'दक्षिणायन' है।

**15. निम्नलिखित में से विशेष्य एवं विशेषण की दृष्टि से एक युग्म गलत है-**

(a) क्रोध-क्रुद्ध (b) आसक्ति-आसक्त
(c) आकर्षण-आकृष्ट (d) ईर्ष्या-उपेक्षा

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में विशेष्य और विशेषण की दृष्टि से गलत युग्म 'ईर्ष्या–उपेक्षा' है, क्योंकि दोनों ही संज्ञा रूप हैं, जिनका विशेष्य–विशेषण रूप 'ईर्ष्या–ईर्ष्यालु' तथा 'उपेक्षा–उपेक्षित' है।

**16. 'स्तब्ध' के लिए सही विलोम है-**

(a) अनस्तब्ध (b) प्रारब्ध
(c) अस्तब्ध (d) लब्ध

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'स्तब्ध' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विलोम शब्द 'अस्तब्ध' है।

**17. 'वर्तिका' शब्द का तद्भव रूप होगा-**

(a) मातृका (b) कृतिका
(c) लतिका (d) बत्ती

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'वर्तिका' का तद्भव रूप 'बत्ती' है।

**18. 'कान के नीचे लटकता हुआ कोमल भाग' के लिए एक शब्द है-**

(a) कर्णफूल (b) कर्णाभरण
(c) कर्णपाली (d) कर्ण

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में वाक्यांश 'कान के नीचे लटकता हुआ कोमल भाग' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'कर्णपाली' है।

**19. आवर्तक का सही विलोम है-**

(a) प्रवर्तक (b) अनावर्तक
(c) सवर्तक (d) समर्थक

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'आवर्तक' का सही विलोम शब्द 'अनावर्तक' है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) राम और श्याम सम्बधी चर्चा

(b) राम और श्याम से सम्बद्ध चर्चा

(c) राम और श्याम विषयक चर्चा

(d) राम और श्याम से सम्बन्धित चर्चा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में सर्वाधिक शुद्ध वाक्य 'राम और श्याम विषयक चर्चा' है।

**21. 'जो बहुत बोलता है' वाक्य के लिए एक शब्द है-**

(a) वक्ता (b) प्रवक्ता

(c) वाचाल (d) प्रखर

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में वाक्यांश 'जो बहुत बोलता है' के लिए एक शब्द 'वाचाल' है।

**22. निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का सही युग्म है-**

(a) लोहकार-लोहार (b) लच्छ-लाख

(c) अरघट्ट-रहट (d) मिश्ट-मीठा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में तत्सम-तद्भव का सही युग्म 'अरघट्ट-रहट' है। अन्य विकल्पों के शुद्ध युग्म रूप हैं– लौहकार-लोहार, लक्ष-लाख, मिष्ट-मीठा।

**23. 'सिंघाड़ा' का तत्सम रूप है-**

(a) श्रृंगाटक (b) सुघट्ट

(c) शिंघाड़ा (d) शृंग

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में से कोई भी विकल्प शुद्ध नहीं है, क्योंकि 'सिंघाड़ा' का तत्सम रूप 'शृंगाटक' है।

**24. 'जिसका निवारण अत्यन्त कष्ट से किया जा सके' के लिए एक शब्द है-**

(a) अनिवार (b) निर्निवार

(c) दुर्निवार (d) कुनिवार

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में वाक्यांश 'जिसका निवारण अत्यन्त कष्ट से किया जा सके' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त एक शब्द 'दुर्निवार' है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से गलत है?**

(a) पाँचवाँ (b) गाँधी

(c) बाँस (d) आंख

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से 'आंख' शब्द गलत है। इसका शुद्ध रूप 'आँख' है।

**26. 'मोहन सुन्दर बालक है' वाक्य में विशेष्य है-**

(a) मोहन (b) सुन्दर

(c) बालक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'मोहन सुन्दर बालक है' में विशेष्य 'बालक' है क्योंकि 'सुन्दर' शब्द उसकी विशेषता बतलाता है।

**27. 'जो पान करने योग्य नहीं है' के लिए एक शब्द है-**

(a) अपथ्य (b) अभक्ष्य

(c) आगम्य (d) अपेय

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में वाक्यांश 'जो पान करने योग्य नहीं है' के लिए उपयुक्त एक शब्द 'अपेय' है।

**28. निम्नलिखित में से विलोम की दृष्टि से सही युग्म है-**

(a) अधिष्ठित-प्रतिष्ठित (b) आस्था-विश्वास

(c) असूया-अनसूया (d) प्रमुख-विमुख

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में विलोम की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त युग्म 'असूया-अनसूया' है। अन्य शब्द युग्म असंगत हैं, जिनका विलोम निम्नलिखित है-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अधिष्ठित | अनधि |
| प्रतिष्ठित | अप्रतिष्ठित |
| आस्था | अनास्था |
| विश्वास | अविश्वास |
| प्रमुख | सामान्य, गौण |
| विमुख | उन्मुख, सम्मुख |

**29. निम्नलिखित में विलोम की दृष्टि से सही युग्म है-**

(a) विशेष-आशेष (b) विपत्ति-आपत्ति

(c) स्वतन्त्रता-स्वाधीनता (d) वक्र-ऋजु

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में विलोम की दृष्टि से सही युग्म 'वक्र-ऋजु' है। अन्य शब्द युग्म प्रश्न से असंगत हैं शेष शब्दों के विलोम निम्नवत् हैं-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| विशेष | सामान्य, साधारण |
| विपत्ति | सम्पत्ति |
| स्वतन्त्रता | परतन्त्रता |

**30. निम्न शब्दों में विशेष्य है-**

(a) श्वेत (b) जीर्ण

(c) गरीब (d) किताब

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में 'किताब' विशेष्य शब्द है, जबकि अन्य शब्द विशेषण हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"